# श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय
बादशाहीथौल (टिहरी गढ़वाल) उत्तराखण्ड़–249199

**Sri Dev Suman Uttarakhand University**
Badshahithaul (Tehri Garhwal) Uttarakhand - 249199


**पत्रांकः–5417/आर0ओ0/एसडीएसयूवी/6 दी0समा0/2025** **दिनांकः 10 दिसम्बर, 2025**

## कोटेशन विज्ञप्ति

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय, बादशाहीथौल, टिहरी गढवाल का षष्टम दीक्षान्त समारोह पं0ल0मो0शर्मा परिसर, ऋषिकेश में माह दिसम्बर 2025 (मा0 कुलाधिपति के अनुमोदन के उपरान्त तिथि को आगे विस्तारित किया जा सकता है) में आयोजित किया जाना है। दीक्षांत समारोह हेतु गोल्ड मेडिलिस्ट छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडिल प्रदान किये जाने हेतु गोल्ड मेडिल क्रय किये जाने की व्यवस्था की जानी है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक फर्मों से सीलबन्द कोटेशन पंजीकृत डाक/ ईमेल/ व्यक्तिगत माध्यम से पं0ल0मो0शर्मा परिसर, ऋषिकेश में **दिनांक 15 दिसम्बर, 2025 अपराह्न 02:00 बजे** तक आमन्त्रित की जाती हैं।

अतः यदि इच्छुक फर्म निम्नलिखित सेवा शर्तो के आधार पर उपरोक्त कार्य करने के इच्छुक है, तो अपनी फर्म की कोटेशन/दरें प्रशासनिक अधिकारी, पं0ल0मो0शर्मा परिसर, ऋषिकेश कार्यालय में **दिनांक 15 दिसम्बर 2025 अपराह्न 02:00 बजे** तक निम्नानुसार प्रेषित करने का कष्ट करें।

**कार्य का विवरण–**

| क्रम सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित संख्या | धनराशि (कर अतिरिक्त) |
|---|---|---|---|
| 01 | Gold Medal 3 inch wait approx 110 gm. thikness 12 gauge with box with digital Strip** inch | 90 | |

***कर का भुगतान अतिरिक्त रूप से किया जायेगा।**

**** स्वर्ण पदक की ढलाई की लागत उपरोक्त दरों में सम्मिलित होगी।**

**सेवा शर्तेः**

1. कोटेशन में प्रतिभाग करने वाली फर्मों का जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है तथा कोटेशन के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
2. फर्म के पास उपरोक्त कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र/कार्यादेश/भुगतान आदेश/अनुबन्ध संलग्न किया जाना आवश्यक है।
3. विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये डिजाईन के अनुसार स्वर्ण पदक तैयार किया जाना होगा। स्वर्ण पदक की सुरक्षा हेतु बॉक्स एवं स्ट्रिप लगाई जानी होगी, जिस पर विश्वविद्यालय का लोगो एवं नाम अंकित किया जाना होगा।
4. कोटेशन में उल्लिखित मूल्यों पर ही सामग्री/सेवाओं की आपूर्ति करनी होगी। आपूर्ति के समय मूल्यों में वृद्धि देय नहीं होगा।
5. सामग्री/सेवाओं की आपूर्ति विश्वविद्यालय परिसर ऋषिकेश में करनी होगी। इस हेतु पृथक से कोई माल–भाडा देय नहीं होगा।
6. आपूर्तिकर्ता का चयन एल0–1 के आधार पर किया जायेगा।
7. भुगतान की स्वीकृति नोडल अधिकारी के द्वारा प्रस्तुत संतोषजनक कार्य किये जाने का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाने के उपरान्त ही किया जायेगा।
8. कोटेशन/कार्य आपूर्ति आदेश को बिना कारण बताये निरस्त भी किया जा सकता है।

अतिरिक्त जानकारी के लिये ईमेल आई0 डी0—convocatonsdsuv2025@gmail.com एवं मो0 नम्बर 7579265515, 7300573311 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

(एम0 के0 पाण्डेय),
मुख्य वित्त अधिकारी।

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. कुलसचिव।
3. निदेशक, पं0ल0मो0शर्मा परिसर, ऋषिकेश।
4. विश्वविद्यालय एवं परिसर ऋषिकेश की आधिकारिक वैबसाईट तथा नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
5. कार्यालय प्रति।

(एम0 के0 पाण्डेय),
मुख्य वित्त अधिकारी।

E:\Rawat\Office Work\Forwording